जे. एस. एम. महाविद्यालय, अलीबाग

स्नातकोत्तर एवं शोध केंद्र हिन्दी विभाग

हिंदी साहित्य मंडल अहवाल 2020-21

वर्ष 2020-21 में हिंदी साहित्य मंडल का पुनर्गठन कर नवीनीकरण किया गया, जिसमें अध्यक्ष के तौर पर प्राचार्य महोदय को अध्यक्ष पद प्रदान करते हुए गौरव का अनुभव हुआ। साथ ही हिंदी साहित्य मंडल के कार्यवाहक अध्यक्ष के रूप में हिंदी विभागाध्यक्ष कैप्टन डॉ. मोहसिन ख़ान को पद प्रदान किया गया। इस मंडल में स्नातक स्तर पर और स्नातकोत्तर स्तर पर 6 विद्यार्थियों का सदस्य रूप में चयन किया गया तथा हिंदी साहित्य मंडल के संचालन करने हेतु संचालक के तौर पर श्री नरेंद्र पाटील को पदभार प्रदान किया गया। इस प्रकार से सन 2020-21 में हिंदी साहित्य मंडल का नवीनीकरण कर नई योजनाएँ तथा नई दिशाएँ तय की गईं।

हिंदी साहित्य मंडल ने 14 सितंबर 2020 को हिंदी दिवस का आयोजन किया जिसमें हिंदी भाषा देवनागरी लिपि के अंतरराष्ट्रीय प्रभाव एवं उपयोग के संदर्भ में व्याख्यान का आयोजन ऑनलाइन किया गया। विषय– **'हिंदी भाषा, देवनागरी लिपि : लोकसमपर्क की दिशाएँ'** व्याख्यान के माध्यम से स्नातक तथा स्नातकोत्तर स्तर के विद्यार्थियों को हिंदी की वर्तमान दशा और दिशा के विषय में स्पष्ट करते हुए देवनागरी लिपि की महत्ता को दर्शाया तथा हिंदी का रोजगार से संबंध दर्शाते हुए रोजगार की दिशाओं की ओर विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया गया। यह व्याख्यान हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ.मोहसिन खान ने हिंदी दिवस के अवसर पर ऑनलाइन दिया।

10 जनवरी 2021 को अंतरराष्ट्रीय हिन्दी दिवस के अवसर पर 11 जनवरी 2021 को हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ.मोहसिन खान ने राजकीय महिला महाविद्यालय, चंडीगढ़ में ऑनलाइन व्याख्यान प्रदान किया। इस कार्यक्रम में हमारे महाविद्यालय के विद्यार्थी भी ऑनलाइन कार्यक्रम से सक्रिय रूप से जुड़े।

हिन्दी विभाग की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि इस वर्ष यह रही कि हमारे महाविद्यालय के हिन्दी विभाग के पीएच.डी. शोध केन्द्र की ओर से यु. जी. सी. और मुंबई विश्वविद्यालय के गाईडलाईन के तहत पीएच.डी. कोर्स वर्क का ऑनलाइन आयोजन कर विधिवत पाठ्यक्रम पूर्ण किया गया। कोर्स वर्क की ऑनलाईन परीक्षा लेकर शोधार्थियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए।

स्नातक हिन्दी की अक्टूबर 2020 में हुई परीक्षा में 8 विद्यार्थियों में से B+ श्रेणी में 4 और B श्रेणी में 4 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। स्नातक हिन्दी का रिज़ल्ट 100 प्रतिशत लगा। स्नातकोत्तर भाग- 2 की अक्टूबर 2020 में हुई परीक्षा में 1 विद्यार्थी ने प्रवेश पाया और 1 विद्यार्थी प्रथम A में उत्तीर्ण हुई। कुलमिलाकर स्नातकोत्तर भाग- 2 का रिज़ल्ट 100 प्रतिशत लगा।

डॉ. मोहसिन ख़ान
स्नातकोत्तर हिन्दी विभागाध्यक्ष
एवं शोध निर्देशक
जनता शिक्षण मण्डल द्वारा संचालित
कला, विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय,
अलिबाग-४०२२०१, ज़िला-रायगड़ (महाराष्ट्र)